नियमित बोलचाल की हिंदी कक्षाएं

कोचीन शिपयार्ड की गतिविधियां अब कोच्ची में सीमित न रहकर भारत के विविध स्थानों में फैल रहा है । साथ ही, हमारे मुख्य ग्राहक भी भारत के विविध जगहों से जुडे हुए हैं । इसी उद्देश्य से, शिपयार्ड के सभी कर्मचारियों को हिंदी भाषा जानने की आवश्यकता को मद्देनज़र रखते हुए, सभी केलिए बोलचाल की हिंदी कक्षाएं आयोजित की जा रही है ।

मई से जून, 2019 तक और अक्तूबर 2019 से जनवरी 2020 तक कर्मचारियों केलिए कक्षाएं आयोजित की गईं । शिपयार्ड के विविध विभागों से आए 50 से ज्यादा कर्मचारियों ने प्रशिक्षण के माध्यम से हिंदी भाषा में अपनी पकड को मज़बूत किया ।

ऑनलाइन बोलचाल हिंदी कक्षा

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आधार पर कार्यपालकों (निदेशकों, महाप्रबंधकों एवं मुख्य महाप्रबंधकों) के लिए ऑनलाइन बोलचाल हिंदी प्रशिक्षण की शुरुआत में पहला कदम उठाया गया जिसके लिए एक वॉट्स ऐप ग्रूप का सृजन किया गया जिसमें बोलचाल की हिंदी का मॉड्यूल अपलोड किया जा सके। इसके आधार पर मॉड्यूल तैयार करके सप्ताह में एक दिन ग्रूप में अपलॉड किया गया । पहले बैच में 17 कार्यपालक गण द्वारा सफल तरीके से प्रशिक्षण पूरा किया गया ।